भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1866
उत्तर देने की तारीख 19.12.2022

भारतीय लोक कलाओं और संस्कृति को विदेश में प्रोत्साहन

1866. श्री गजानन कीर्तिकर :
श्री सी.एन. अन्नादुरई :
श्री धनुष एम. कुमार :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्लोबल एंगेजमेंट स्कीम के माध्यम से भारतीय लोक कलाओं और संस्कृति को विदेश में बढ़ावा दे रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) लोक कला और अन्य सांस्कृतिक समारोह प्रदर्शित करने के लिए अन्य देशों में आयोजित भारत पर्वों की संख्या कितनी है;

(ग) गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान लोक कला और अन्य सांस्कृतिक कार्यकलापों को बढ़ावा देने सहित कार्यक्रम और कार्यकलाप आयोजित करने के लिए विदेशी मैत्री सांस्कृतिक सोसाइटीज को प्रदान की गई सहायता अनुदान की राशि कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा देश में लोक कला और संस्कृति के विभिन्न प्रकारों की सुरक्षा, संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए स्थापित जोनल सांस्कृतिक केंद्रों की संख्या कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा विदेशों में भारतीय लोक कला, संस्कृति और संगीत को बढ़ावा देने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) : संस्कृति मंत्रालय वैश्विक भागीदारी स्कीम के माध्यम से विदेश में भारतीय लोक कलाओं और संस्कृति को बढ़ावा देता है। इस स्कीम के अंतर्गत, अन्य देशों में भारत महोत्सव आयोजित किए जाते हैं जिनमें लोक कलाओं और प्रदर्शनियों, नृत्य, संगीत, रंगमंच, खान-पान महोत्सव, फिल्म महोत्सव, योग आदि जैसे अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

जाते हैं। संस्कृति मंत्रालय इस स्कीम के अंतर्गत, लोक कलाओं और अन्य सांस्कृतिक कार्यकलापों को विदेश में बढ़ावा देने सहित कार्यक्रम और कार्यकलाप आयोजित करने हेतु भारत-विदेश मैत्री सोसाइटियों को सहायता अनुदान भी प्रदान करता है।

(ख): इस स्कीम के अंतर्गत, लोक कला और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न देशों में 59 भारत महोत्सव आयोजित किए गए हैं।

(ग): विदेश मैत्री सांस्कृतिक सोसाइटियों को लोक कला एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यकलापों सहित कार्यक्रम और कार्यकलाप आयोजित करने के लिए विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष में प्रदान सहायता अनुदान राशि निम्नानुसार है:

2019-20	**:**	**10.49 करोड़ रुपये**
2020-21	**:**	**01.85 करोड़ रुपये**
2021-22	**:**	**07.24 करोड़ रुपये**
2022-23	**:**	**06.67 करोड़ रुपये (अब तक)**

(घ): सरकार ने देश भर में लोक कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों को संरक्षित, परिरक्षित और संवर्द्धित करने के लिए सात (7) क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र (जेडसीसी) स्थापित किए हैं जिनके मुख्यालय पटियाला, तंजावुर, नागपुर, दीमापुर, प्रयागराज, उदयपुर और कोलकाता में स्थित हैं।

(ड.): विदेश मंत्रालय के अधीन संगठन, 'भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद' द्वारा विदेश में स्थित सांस्कृतिक केन्द्रों और अन्य बातों के साथ-साथ योग, नृत्य और संगीत शिक्षण; मंच कला समूहों आदि के दौरों के प्रायोजन; सम्मेलनों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के आयोजन या सहायता प्रदान करने और दृश्य कला प्रदर्शनियों के आदान-प्रदान के माध्यम से पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देता है।

*****